हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026

[नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी]

06 आरडी किड्स में वार्षिक खेल दिवस आयोजित



09 आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं की नियुक्ति की...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री के परिवार ने नर्मदा परिक्रमा शुरू की



**नर्मदापुरम।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की बहन शशि पटेल, बहनोई महेश पटेल और भाई किसान नेता रवीश चौहान नर्मदा परिक्रमा के लिए रवाना हुए। रवीश चौहान ने बताया कि परिक्रमा से पहले मां नर्मदा की पूजा अर्चना की गई। परिक्रमा का उद्देश्य प्रदेश और देश में खुशहाली और शांति, साथ ही किसानों की समृद्धि की कामना करना है। परिक्रमा पूरी होने पर तट पर विशाल भंडारा और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने परिवार सहित नर्मदा परिक्रमा की थी, अब उनका परिवार भी इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

### नर्मदापुरम संभाग की रिकॉर्ड साझेदारी से बढ़त

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम टीम ने महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी चार दिवसीय मुकाबले में उज्जैन संभाग के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे दिन गौतम रघुवंशी ने 111 रन बनाए। छठवां विकेट गिरने के बाद आर्यन देशमुख (106) और अथर्व महाजन (191) ने सातवें विकेट के लिए 207 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी कर टीम को 617 रन पर ऑल आउट किया, उज्जैन की बढ़त पार की। अमन जैन और पंकज पटेल ने 3-3 विकेट लिए। दूसरी पारी में उज्जैन 52/2 है। अंपायर हर्षित जैन और अनुज कुमार, स्कोरर विकास सिंह और एमपीसीए अधिकारी मैच में मौजूद रहे।

### डीआरएम को युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

इटारसी।
युवा कांग्रेस नर्मदापुरम ने इटारसी रेलवे स्टेशन की बदहाल व्यवस्थाओं पर डीआरएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें स्वचालित सीढ़ी, सफाई, पार्किंग, अवैध बेंडरिंग और महिला सुरक्षा में सुधार की मांग की। संगठन ने चेताया कि समस्याएं नहीं सुधरीं तो जनआंदोलन किया जाएगा, यात्रियों की सुविधा सर्वोपरि। इस मौके पर प्रदेश महासचिव अक्षय जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# आस्था के महासंगम के बीच पचमढ़ी में गूंजा हर-हर महादेव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा की रानी के नाम से विख्यात पचमढ़ी एक बार फिर आस्था के महासंगम का साक्षी बनने जा रही है। महाशिवरात्रि मेला 2026 की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कैंटोनमेंट बोर्ड पचमढ़ी ने इस वर्ष लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक एवं सुव्यवस्थित इंतज़ाम किए हैं। महादेव के दर्शन के लिए देशभर से आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार किए गए हैं।

### सुविधाओं का व्यापक विस्तार

मेले में इस वर्ष श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। पहली बार डिजिटल सुविधा आधुनिक समय की जरूरतों को देखते हुए इस वर्ष मेला क्षेत्र में जगह-जगह मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए हैं। इससे श्रद्धालु आपात स्थिति में संपर्क बनाए रख सकेंगे और डिजिटल रूप से जुड़े रहेंगे।

**पेयजल व्यवस्था:** पूरे मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक 100 मीटर पर शुद्ध पेयजल के नल स्थापित किए गए हैं, जिससे भीड़ के बीच भी पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे।

**स्नान की समुचित व्यवस्था:** श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए 10 प्रमुख स्थानों पर शॉवर लगाए गए हैं।

**महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रबंध:** महिला सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए पृथक महिला स्नान गृहों का निर्माण किया गया है, जिससे उनकी निजता और सुविधा सुनिश्चित हो सके।



### कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी बोले

कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी राहुल गजभिए ने कहना है कि हमारा लक्ष्य है कि महादेव की शरण में आने वाला हर भक्त यहां से सुखद और सुरक्षित अनुभव लेकर लौटे। स्वच्छता और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### परिवहन विभाग की सख्त कार्यवाही

पचमढ़ी महादेव मेले में आर टी ओ रिंकु शर्मा, परिवहन निरीक्षक हिमांशु जैन के नेतृत्व में आदित्य मिश्रा द्वारा परिवहन नियमों का पालन ना करने वालों पर, बिना वैध दस्तावेजों के वाहन का परिवहन करने वाले पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मेला क्षेत्र में चलने वाले वाहनों पर ओवरलोड सवारी ना करने करने के निर्देश, निर्धारित किराया लेने संबंधी निर्देश, बिना मेला परमिट पाए जाने वाले वाहनों को परमिट हेतु प्रतिबंधित करने, दो पहिया चालकों को हेलमेट के साथ यात्रा करने संबधित निर्देश लगातार दिए जा रहे है। अन्य जिलों से आने वाले वाहनों के दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है है। परिवहन दल द्वारा अभी तक लगभग 550 से अधिक वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है तथा 25 से अधिक वाहनों पर राशि रुपए 23000/- की चलानी कारवाही की जा चुकी है। परिवहन दल में परिवहन निरीक्षक आदित्य मिश्रा, आरक्षक रामप्रसाद हनोतिया, कृष्णपाल सिंह, दीपक उपाध्याय, राकेश चौरे द्वारा लगातार कारवाही की जाएगी।

### रात 1:30 बजे बोलेरो, टवेरा और मोटरसाइकिल में हुई थी टक्कर

# हादसा: भीषण टक्कर ने छीनी तीन जानें, पांच गंभीर घायल

चांदौन रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास बुधवार रात 1:30 बजे बोलेरो, टवेरा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर ने एक ही पल में 3 लोगों की जिंदगी छीन ली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बनखेड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चांदौन रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 5 गंभीर घायल हैं।

हादसा बोलेरो, टवेरा और मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई जबरदस्त टक्कर का बताया जा रहा हैं। घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



#### सड़क हादसे में बुजुर्ग दंपति और किशोर की मौके पर ही मौत

थाना प्रभारी विजय सनस के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब तीनों वाहन एक ही मार्ग से गुजर रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग दंपति हरगोविंद दुबे (60 वर्ष) और उनकी पत्नी गायत्री दुबे (50 वर्ष) निवासी ग्राम पोड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों विवाह समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे। वहीं बोलेरो में सवार शिवांस पटेल (17 वर्ष) निवासी निभौरा, जो गाडरवारा से विवाह समारोह से वापस आ रहे थे, ने भी घटनास्थल पर दम तोड़ दिया।

#### पांच घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी

हादसे में राज पटेल (22 वर्ष) निवासी निभौरा, सौरभ (20 वर्ष) निवासी निभौरा, राजकुमारी कुशवाहा (45 वर्ष) निवासी जासर वानी, कमलेश कुशवाहा (47 वर्ष) निवासी जासरवानी,कमलेश कुशवाहा निवासी नयाखेड़ा। एक घायल की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

#### टक्कर इतनी भीषण कि मच गई अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

### अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर, एसपी को सौंपा ज्ञापन

# रेत खनिज ठेकेदार और उनके कर्मचारियों ने किया था वकील पर प्राण घातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को रेत माफिया के गुर्गे और वकीलों के बीच हुआ विवाद बुधवार को भी नहीं थमा। अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। दरअसल मंगलवार को स्वयं की रेत उठाने को लेकर रेत ठेकेदार कंपनी के गुर्गों ने पेट्रोल पंप व गार्डन संचालक वकील और उसके परिवार को सड़क पर बेहरहमी से पीटा था। पूरा घटनाक्रम फिल्मी अंदाज में हुआ था। जिसमें गुड्डों के पास रॉड, लाठी थी। घटनाक्रम से नाराज वकील लामबंद होकर थाने पहुंचे थे जहां घटना में पुलिस ने फरियादी शुभेच्छु सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी राज,सुरेंद्र सिंह,अवधेश सिंह,योगेंद्र सिंह, नेत्रपाल सिंह, नागेंद्र सिंह, आकाश शर्मा, नरेंद्र सिंह व उनके अन्य साथियों पर बीएनएस की धारा 296बी,115(2), 109(1) व 3(5)के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों द्वारा ट्रेक्ट्रर-ट्राली में रेतभर ले जा रहे की रायल्टी के बारे में पूछताछ कर जान से मारने की नियत से रॉड व डंडे से मारपीट का मामला दर्ज किया है।



#### अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

बुधवार को अधिवक्ता संघ लामबंद हुआ। जिसके बाद उन्होंने कलेक्टर सोनिया मीना और एसपी साई कृष्णा एस थोडा को ज्ञापन सौंपा। संघ के सचिव मनोज जराठे ने बताया कि मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश परिहार के पुत्र अधिवक्ता मनु प्रताप सिंह परिहार पर रेत खनिज ठेकेदार और उनके कर्मचारियों ने किए प्राण घातक हमला किया था जिसके विरोध में जिला अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर सोनिया मीना और एसपी सांई कृष्णा एस थोटा को ज्ञापन देकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर और एसपी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि दोषियों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित पालीवाल,राजीव दुबे,अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र पटेल,कार्यकारिणी सदस्य सौरभ तिवारी,प्रकाश कुशवाहा, अभिषेक दीक्षित, अधिवक्ता संजीव बग्गन, अरविंद खंडेलवाल,महेंद्र चौरे, अनिल गौर, विनीत वर्मा,तरुण पांडे, अभिषेक तिवारी,नमन यादव,विजेंद्र राजपूत, गोविंद,ललित राजपूत, शादाब अली, शिवम दुबे,पर्वत सिंह लोधी, आनंद गुप्ता,राजेश मालवीय और भी अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## दस दिवसीय श्रीरामजी बाबा मेले का किया गया सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



दस दिवसीय संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले का समापन मंगलवार शाम को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मुख्यातिथ्य में हुआ। मुख्यातिथि ने झूला संचालकों, दुकानदारों और श्रद्धालुओं के सहयोग एवं स्वच्छता बनाए रखने की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव सहित कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मेले में बच्चों और कर्मचारियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए गए। मेला स्थल दूर-दराज के श्रद्धालुओं से भरा रहा। आयोजन में पारंपरिक और आधुनिक वस्तुओं का विक्रय हुआ, और सभी ने उत्सव भाव के साथ भाग लिया।

## नर्मदापुरम जिले में जनगणना 2027 दो चरणों में होगी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले की 10 तहसील, 8 नगर एवं 987 गांवों में जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का रहेगा, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च 2027 से जनसंख्या गणना के लिए आयोजित होगा। प्रत्येक ग्राम और वार्ड का अलग मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाया जाएगा। एक प्रगणक 800 व्यक्तियों और 150 मकानों की गणना करेगा। मकानों की क्रमवार नंबरिंग की जाएगी, और स्लम क्षेत्रों का अलग ब्लॉक तैयार होगा।प्रशिक्षण और डिजिटल व्यवस्थाएंजनगणना के लिए प्रगणक, पर्यवेक्षक, मास्टर एवं फील्ड ट्रेनर्स को पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। डेटा संग्रहण डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे एचएलओ एप, एसई पोर्टल और एचएलबीसी के माध्यम से किया जाएगा। जिला समन्वयक समिति की बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा 33.74 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए जा चुके हैं। सभी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और समय सीमा का पालन अनिवार्य होगा।

## उत्तराखंड के कलाकारों के लोकनृत्य ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर मंगलवार को उत्तराखंड से आए शास्त्रीय संगीत और लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी को मुग्ध कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य घूमर के दौरान तो पूरा विद्यालय तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उत्तराखंड के कलाकार तनुजा ओली सनवाल, निकिता गोस्वामी और नीलम जोशी ने अपनी प्रस्तुतियां दी। उनके साथ नगर के ड्रामा और थियेटर कलाकार रत्नेश साहू भी उपस्थित थे। सबसे पहले निकिता जोशी ने शास्त्री गायन की प्रस्तुति दी। उसके बाद तनुजा ओली ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। अंत में तीनों कलाकारों ने घूमर नृत्य किया। इस दौरान सभी दर्शक वाह वाह कर उठे। कार्यक्रम के बाद समेरिटंस विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने सभी कलाकारों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया। बाद में तनुजा ओली ने सर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनका सम्मान किया।

## पुलिस ने तत्परता से मेले में बिछड़े मासूम को परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में महाशिवरात्रि पर चौरागढ़ मेला अपने पूरे शबाब पर है। दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच भगवान शिव के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु रोज पहुंच रहे हैं। मेले के दौरान एक बच्चा अपने माता-पिता से बिछड़ गया, जिसे पुलिस ने तेजी से खोजकर सुरक्षित उनके सुपुर्द किया। थाना प्रभारी पदम सिंह मौर्य और हेड कांस्टेबल देवेंद्र मालवीय की कुशल व्यवस्था ने इस रेस्क्यू को सफल बनाया। कड़ी सुरक्षा और व्यवस्थित यातायात के कारण श्रद्धालु निर्बाध रूप से दर्शन कर पा रहे हैं। चौरागढ़ में हर ओर गूंज रहा है 'हर-हर महादेव'।

### 3 दिवसीय आयोजन 1 करोड़ रुपए दान प्रभावना राशि आई

# श्री वेदी प्रतिष्ठा में की सर्वाधिक दान प्रभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में गत दिनों जैन समाज चैत्यालय में श्री वेदी प्रतिष्ठा समारोह हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में चैत्यालय में लगाई गई सामग्री की दान प्रभावना में सोहागपुर के जैन बंधुओं ने सर्वाधिक सहभागिता की।

सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि सात से नौ फरवरी तक चैत्यालय में श्री वेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिवस चैत्यालय में लगाई जाने वाली धर्म प्रतीक सामग्रियों की बोली लगाई गई, जिसे दान प्रभावना कहते हैं। दान प्रभावना कार्य में सर्वाधिक सहभागिता सोहागपुर जैन समाज के नागरिकों ने की एवं लाखों रुपये चैत्यालय के उद्धारार्थ दान किये हैं। बताया जाता है कि पूरे आयोजन दौरान लगभग एक करोड़ रुपये की दान प्रभावना राशि प्राप्त हुई है।



#### इन्होंने लगाई बोली

जानकारी अनुसार चैत्यालय के शिखर पर स्थापित मुख्य कलश की बोली सेठ सोनेश, सर्वेश एवं शाश्वत गिल्ला ने लगाई। वहीं चैत्यालय में प्रतिष्ठित श्री वेदी के मुख्य कलश की दान प्रभावना सेठ नीलेश गिल्ला एवं अभिषेक गिल्ला द्वारा लगाई गई।


वेदी जी के चार कोनों के मंगल कलशों की दान प्रभावना क्रमशः सेठ नीलेश कुमार एवं अभिषेक गिल्ला परिवार, सेठ सोनेश एवं सर्वेश गिल्ला परिवार, स्वर्गीय सेठ रामस्वरूप गिल्ला परिवार तथा अखिल जैन परिवार द्वारा लगाई गई। वहीं वेदी जी की चार आर्च के तीन-तीन मंगल कलशों की बोली क्रमशः नर्मदापुरम् जैन परिवार, शोभापुर से जैन परिवार नागपुर से जैन परिवार सहित सोहागपुर से स्वर्गीय सेठ पंकज गिल्ला परिवार द्वारा लगाई गई। शिखर पर स्वर्ण ध्वज की दान प्रभावना सेठ वीरेंद्र गिल्लाला परिवार सोहागपुर द्वारा की गई। मेला शुभारंभ पर ध्वजारोहण की बोली प्रभावना अखिल जैन द्वारा की गई।

# जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, पवारखेड़ा में आईएफएस परियोजना का सफल अवलोकन और निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खेती को लाभ का धंधा बनाने की पहल में कृषि विभाग नए-नए प्रयोग कर रहा है। वर्तमान समय में विभाग ने क्रोपिंग सिस्टम से फसलों को रोपित किया है जिसमें बेहतर किस्म के अनाजों का उपयोग किया जा रहा है जिससे कम लागत में किसान मुनाफा कमाएंगा।

जवाहरलाल नेहरू विविय के अधीनस्थ जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, पवारखेडा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ द्वारा वित्त पोषित और डिज़ाइन की गई एकीकृत कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना के तहत लगाए गए प्रयोगों का हाल ही में निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में डॉ. एन. रविशंकर, प्रोजेक्टर कार्डिनेटर, मोदीपुरम; डॉ. ए.के. पुरूस्टी, मुख्य वैज्ञानिक, कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, तथा डॉ. नम्रता जैन, मुख्य वैज्ञानिक,



एकीकृत कृषि अनुसंधान प्रणाली परियोजना, जबलपुर ने भाग लिया। निरीक्षण के दौरान जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, पवारखेडा के डॉ. विनोद कुमार, वैज्ञानिक ने दल का मार्गदर्शन किया और प्रयोगों का विस्तृत अवलोकन कराया।

#### रबी सीजन 2025-26 में विभिन्न फसलों का निरीक्षण

दल ने जोनल अनुसंधान केन्द्र में आईएफएस परियोजना के तहत रबी सीजन 2025-26 में जौं, सरसों और बरसीम की फसलों का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने केन्द्र में चल रहे प्रयोगों की उच्च गुणवत्ता और व्यवस्थित संचालन की सराहना की।

#### प्रोजेक्टर कॉर्डिनेटर के निर्देश

- डॉ. एन. रविशंकर ने डॉ. प्रवीण कुमार मिश्रा, सह-संचालक अनुसंधान, को निर्देश दिया कि केन्द्र की IFS परियोजना की गतिविधियों और फसलों की फोटोग्राफ आईसीएआर और आईआईएफएसआर, मोदीपुरम के व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा की जाए।
- उन्होंने परियोजना के लिए आवश्यक आवंटन सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया।
- जोनल कृषि अनुसंधान केन्द्र, पवारखेडा के पिछले दो वर्षों का डेटा 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाई जाएगी शिवाजी जयंती

**बैतूल।** वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की तैयारियों को लेकर शहर के समाजसेवियों की बैठक संपन्न हुई। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी बीआर खंडाग्रे ने बताया कि 19 फरवरी, गुरुवार को शिवाजी चौक पर शाम 6 बजे शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष हजारों दीपों की रोशनी कर एवं पुष्प वर्षा कर शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्रीमती सरिता दीपक राठौड़ ने बैठक का संचालन किया और सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### उड़दन वृद्धाश्रम में होलिस्टिक वेलबीइंग कैम्प आज


**बैतूल।** संचालनालय आयुष मप्र भोपाल के निर्देश पर आयुष विभाग बैतूल द्वारा जिले में बुजुर्गों के लिए होलिस्टिक वेलबीइंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि 12 फरवरी को उड़दन वृद्धाश्रम में होलिस्टिक वेलबीइंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से वृद्धजनों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डॉ. चौकीकर ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं, ऐसे में आयुष पद्धति और योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। कैम्प में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परामर्श के साथ योग सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे बुजुर्गों की कार्यक्षमता और ऊर्जा में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि नोडल अधिकारी डॉ. ज्ञानेश्वर झरबड़े एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. निधी मालवीय के नेतृत्व में 12, 19 और 26 फरवरी को उड़दन वृद्धाश्रम बैतूल तथा 13, 20 और 27 फरवरी को भारत भारती वृद्धाश्रम बैतूल में शिविर आयोजित होंगे। आयुष विभाग ने सभी वृद्धजनों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### जिला स्तरीय मेगा कैंपस ड्राइव आज

**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में 12 फरवरी को प्रातः 11बजे से जिला स्तरीय मेगा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस कैंपस ड्राइव में क्विस कॉर्प के माध्यम से आईफोन निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन बेंगलुरू के लिए केवल युवतियों को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। संस्था प्राचार्य अजीश पन्द्रे ने बताया कि विगत वर्षों में इस कंपनी में कई छात्राएं जॉब प्राप्त कर चुकी है एवं सफलतापूर्वक कार्यरत है। संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर विवेक दायमा ने बताया कि इस ड्राइव के लिए योग्यता केवल 10वी उत्तीर्ण है एवं इसमें 18 से 30 वर्ष की सभी युवतियां भाग ले सकती है। चयन पश्चात युवतियों को 17 हजार 750 रूपए वेतन के साथ कंपनी स्वयं के व्यय से रहने के लिए हास्टल एवं भोजन की व्यवस्था करेगी। चयनित युवतियों को इसी माह कंपनी के खर्च पर ज्वाइन करने के लिए बेंगलुरु भेजा जाएगा।

## मूंग की जगह मूंगफली उत्पादन को बढ़ावा देने किसानों को किया जा रहा प्रेरित

# पांच ब्लाकों में 471 किसान लगाएंगे 300 हेक्टेयर में मूंगफली की फसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**गर्मी के मौसम में किसानों को तीसरी फसल के लिए कृषि विभाग ने इस बार मूंग की जगह मूंगफली उत्पादन को बढ़ावा देने की तैयारी की है। नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड्स के तहत जिले के पांच विकासखंडों में 300 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंगफली उत्पादन का लक्ष्य तय किया है।**

दरअसल विभाग का तर्क है कि मूंग की खेती में रासायनिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी और मूंग जहरीली होती जा रही थी, इसलिए किसानों को मूंग से डायवर्ट कर मूंगफली की ओर लाया जा रहा है। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण देने के साथ ही निःशुल्क बीज भी मुहैया कराए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में पूरे जिले में मूंगफल्ली की खेती 237 हेक्टेयर में होती है। इस प्रोग्राम के तहत केवल 5 ब्लॉकों में 300 हेक्टेयर में मूंगफल्ली की खेती करवाई जायेगी। इस योजना के तहत एक हेक्टेयर के लिए किसानों को प्रमाणित मूंगफल बीज निःशुल्क देने की बात कही जा रही है, लेकिन इसमें भी पूरी राहत नहीं है। बीज की पूरी कीमत सरकार वहन नहीं करेगी, बल्कि डिफरेंस की राशि किसानों को स्वयं चुकान होगी।

### पांच ब्लॉकों के 471 किसान चिन्हित

मूंगफल्ली की खेती के लिए कृषि विभाग ने जिले के पांच ब्लाकों के करीब 471 किसानों को चिन्हित किया है। इसमें शाहपुर में 108 किसान 30 हेक्टेयर में मूंगफल्ली की खेती करेगे। इसी प्रकार घोड़ाडोंगरी ब्लाक में 89 किसान 40 हेक्टेयर, आठनेर ब्लाक में 100 किसान 100 हेक्टेयर, प्रभातपट्टन में 103 किसान 80 हेक्टेयर और भैंसदेही ब्लाक में 71 किसान 50 हेक्टेयर में मूंगफल्ली की खेती करेगे। इन किसानों को एक हेक्टेयर के लिए प्रमाणित मूंगफल बीज निःशुल्क देने की बात कही जा रही है, लेकिन बीज की पूरी कीमत सरकार वहन नहीं करेगी, बल्कि डिफरेंस की राशि किसानों को स्वयं चुकान होगी। यानी राहत के नाम पर किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

### इसलिए किया जा रहा मूंगफल्ली के प्रति प्रेरित

ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर मूंगफल्ली की खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। जिसके पीछे विभाग का तर्क है कि मूंग की खेती में रासायनिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से फसल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी और मूंग जहरीली होती जा रही थी। बताया जा रहा है कि पिछले साल प्रदेश के कुछ जिलों में गर्मियों में ली जाने वाली मूंग की फसल जहरीली बताई गई थी। इसी के चलते राज्य शासन ने इसकी समर्थन मूल्य पर खरीदी करने से ही इंकार कर दिया था। इसके बाद किसी तरह सरकार मानी और खरीदी हुई। ऐसे में विभाग यह कोशिश कर रहा है कि जिले में भी किसान मूंग की खेती करने के बजाय मूंगफली की खेती करें। इसके लिए नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड प्रोग्राम के तहत प्रयास किए जा रहे हैं।

**मूंगफल्ली की खेती के लिए चिन्हित ब्लॉक और रकबा**

| ब्लाक | किसान | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| शाहपुर | 108 | 30 |
| घोड़ाडोंगरी | 89 | 40 |
| आठनेर | 100 | 100 |
| प्रभातपट्टन | 103 | 80 |
| भैंसदेही | 71 | 50 |
| योग | 471 | 300 |

### किसानों को दी जाएगी यह सुविधा

मूंगफल्ली की खेती करने के लिए प्रेरित करने हर ब्लाक में एक एफपीओ को वैल्यू चैन पार्टनर बनाया गया है। किसानों को फ्री प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही एक किसान को एक हेक्टेयर के लिए 20 किलोग्राम बीज फ्री दिया जा रहा है। इसके अलावा और बीज लगने पर किसान को केवल 20.17 रूपये प्रति किलो लगेगे। ऐसे में जानकारों का कहना है कि मौजूदा समय में जब लागत, खाद और कीटनाशकों के दाम पहले से बढ़े हुए हैं, तब यह शर्त किसानों की भागीदारी को सीमित कर सकती है। इसके अलावा गर्मी में सिंचाई, बिजली आपूर्ति और लागत पहले से ही किसानों के लिए चुनौती बनी रहती हैं। ऐसे में तीसरी फसल का जोखिम उठाने के लिए किसान कितने तैयार होंगे, यह स्पष्ट नहीं है।

**प्रेरित किया है**

मूंग की जगह किसानों को मूंगफल्ली लगाने प्रेरित किया गया है। हमने पांच ब्लॉकों में 471 किसानों का चयन किया है। जिनके द्वारा 300 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली का उत्पादन किया जाएगा।

- **आनंद बड़ोनिया**, उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

## समर्पण दिवस के रुप में मनाई पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल कार्यालय सारनी में मंडल प्रभारी राजेश आहुजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सब कार्यकर्ताओं हेतु प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने हमें एकात्म मानवतावाद के सिद्धांत पर चलते हुए समाज में आदर्श स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया है, उनके बताए आदर्शों पर चलकर ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी और अनुशासित पार्टी के रुप में एक वटवृक्ष के रुप में समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका का निर्वाह कर रही है, उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी के स्वप्न को साकार करते हुए आज हमारी विभिन्न सरकारें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान को लेकर ही अपनी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है, उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को हम सब पंडित जी कि पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रुप में मनाते आए है,इसलिए पार्टी के अपेक्षित कार्यकर्ता स्वेच्छानुसार अपनी समर्पण निधी पार्टी हेतु भेट कर सकते है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वरिष्ठ भाजपा नेता पी जे शर्मा, पार्षद योगेश बरडे, गोलू राजपूत समेत कार्यकर्ताओं ने समर्पण निधी भेट की। मंडल अध्यक्ष गोलु राजपूत ने मंडल प्रभारी राजेश आहुजा को आश्वस्त किया कि भाजपा मंडल सारनी अपेक्षित समर्पण निधी का आवश्यक रुप से संग्रहीकरण करेगा, कार्यकर्ताओं को नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जीपी सिंह, भीम बहादुर थापा, रूपेंद्र चौहान, विनय मदने, मनीष धोटे, रूपलाल बेलवंशी, बबलू नर्रे, हेमराज नागले, गणेश महस्की, मुकेश यादव, मिथुनदास, अमर सिंह राणा, रमेश यादव सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाघ देव बाबा मेले में हुई भजन और पट प्रतियोगिता



**शाहपुर।** मुख्यालय से लगभग 4 किलोमीटर दूर सतपुड़ा की पहाड़ पर आयोजित बाघ देव बाबा मेले के प्रथम दिवस शाम 6 बजे से भजन प्रतियोगिता हुई। जिसमें भजन मंडलों ने पूरी रात भजनों की प्रस्तुति दी। चार भजन पार्टियों ने इसमें सहभागिता प्रदान की। उन्हें परितोषित भी दिया गया। उसके बाद बुधवार दोपहर 1 के लगभग पट प्रतियोगिता बैलगाड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 15 बैलगाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह बैलगाड़ियां दूर ग्रामों से नगर शाहपुर के पास बाघ देव मेले के प्रांगण में आयोजित बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहुंची। आज गुरूवार को मेला का समापन होगा। कल दिन भर बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता प्रारंभ रहेगी। शाम को परितोषित वितरण किया जाएगा।



### आरडी किड्स में वार्षिक खेल दिवस आयोजित

**बैतूल।** उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल में डायरेक्ट ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास और उत्तम स्वास्थ्य के लिए खेल, सांस्कृतिक, कला सहित अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता करवाई जा रही है। इसी कड़ी में आर.डी. किड्स में 8 फरवरी को वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आरडी किड्स में वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी ने मशाल प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मार्च-पास्ट निकाला गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डांस परफ़ॉर्मेंस ने सभी का मन मोह लिया।आर डी किड्स के बच्चों ने सेल्फ डिफेंस की कला दिखाते हुए कराटे स्किल्स का प्रदर्शन किया गया ,जिसमें केजी वन की नन्ही छात्रा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरडी इंस्टीट्यूशन डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं मैनेजमेंट स्टाफ की मेहनत और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्य अतिथि ए.एस.पी. कमला जोशी जी ने अपने उद्बोधन में खेल दिवस के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेलों में सहभागिता से बच्चों में शारीरिक दक्षता के साथ ही खेल भावना और अनुशासन का भी विकास होता है। उन्होंने बच्चों में सेफ्टी और सिक्योरिटी एवं सेल्फ डिफेंस के लिए जागरूकता बढ़ाने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप संचालक खनिज मनीष पालेवर एवं अमित कुमार यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### विद्युत पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने दिया ज्ञापन

**सारनी।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के पेंशनर्स की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित ज्ञापन सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता एसके लिल्होरे को सौंपा। इस मौके पर संजीव त्रिपाठी अधीक्षण अभियंता मुख्यालय भी उपस्थित थे। विद्युत मंडल कर्मचारी यूनियन मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय महामंत्री अंबादास सूने ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुरूप पेंशन की ग्यारंटी सुनिश्चित कर ने के लिए मध्यप्रदेश शासन भी पेंशन ट्रेजरी से भुगतान करे। पेंशन एसोसिएशन शाखा सारनी के सचिव डी डी देशमुख ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गये है। पेंशनर्स की मुख्य रूप से दो मांगे हैं। पेंशन की ग्यारंटी राज्य शासन ले और सरकारी कोषालय से भुगतान के साथ ही के मंहगाई राहत घोषित दिनांक से दिया जाए। इस अवसर पर सतपुड़ा ताप विद्युत गृह से सेवानिवृत्त एस के वागदरे, डी डी देशमुख, सोमलाल पाल, ज्ञानेश्वर पाटील, विश्वास बाबरू, गंगाधर धोटे, अंबादास सूने, मेहमूद खान, ओ एस पवार, हीरामण,माथुरसिंह रघुवंशी, सीजी शर्मा, सीएस वर्मा, मुनेर खान, किसना धोटे और महेंद्र सिक्केवाल सहित अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष और पार्षदों ने किया भूमिपूजन

# श्री शीतला मंदिर मार्ग पर लगाए जाएंगे पेविंग ब्लॉक, 6 लाख से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई




पवित्र नगरी मुलताई के विवेकानंद वार्ड स्थित श्री शीतला माता मंदिर मार्ग पर पेविंग ब्लॉक लगाए जाने का कार्य बुधवार से प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ होने से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे एवं वार्ड पार्षद अंजलि शिवहरे, शिल्पा शर्मा, कुसुम पवार, निर्मला उबनारे, महेंद्र जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा श्री शीतला माता मंदिर में विधिवत पूजन कर भूमिपूजन किया गया। और इस भूमि पूजन कार्यक्रम की एक विशेषता यह भी थी कि पहली बार कांग्रेस और भाजपा के सभी पार्षद किसी कार्यक्रम में एक साथ दिखाई दिए। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने बताया कि श्री शीतला माता मंदिर मार्ग पर लगभग 6 लाख रुपये की लागत से 180 मीटर लंबाई में पेविंग ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। इससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

वार्ड पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे ने कहा कि श्री शीतला माता मंदिर पूरे नगर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लंबे समय से मंदिर मार्ग पर पेविंग ब्लॉक लगाने की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हो रही है। पेविंग ब्लॉक लगने से मार्ग सुंदर, स्वच्छ एवं व्यवस्थित होगा। कार्य प्रारंभ होने पर साहू समाज समिति के अध्यक्ष पवन साहू, अखिलेश फुलवार, अरुण साहू, कृष्णा साहू, कमलेश साहू, राजेश साहू एवं गजनी साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर एवं पार्षद अंजलि सुमित शिवहरे के प्रति आभार व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह ठाकुर, नवनीत चंदेल, संदीप सोनी, कपिल खंडेलवाल, नीलेश भार्गव, अश्विनी धोटे, प्रकाश सेवतकर, रितेश आदि रहे मौजूद।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाई

## भाजपा कार्यालय व सभी बूथों पर आयोजित हुए कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पवित्र नगरी मुलताई के अंबेडकर चौक स्थित भाजपा कार्यालय सहित विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुलताई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर मंडल मुलताई, दुनावा, प्रभात पट्टन, मासोद एवं साइखेड़ा मंडल सहित अंबेडकर चौक स्थित भाजपा कार्यालय में दोपहर 12 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को स्मरण करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक गंभीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ एक समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता और गरिमा के उच्चतम मानदंड स्थापित किए। उन्होंने वर्ष 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के उपरांत बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की । इसके साथ ही भाजपा नगर मंडल आजीवन समर्पण निधि अभियान के संयोजक उपेंद्र पाठक एवं सहसंयोजक निलेश चावरिया द्वारा बूथ-स्तर पर जाकर समर्पण निधि एकत्रित करने का अभियान भी प्रारंभ किया गया। समर्पण दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका सभापति डॉ. जी. बारस्कर, महेंद्र पिल्लू जैन, आजीवन समर्पण निधि संयोजक उपेंद्र पाठक, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष स्वाती भार्गव, नगर मंडल मंत्री जया जैन, कीर्ति यादव, रामदास साहू, मुकेश वागद्रे, योगेश सोनी, राजू जैन, अविनाश देशमुख, बीरबल डोगरदिये सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने बताई केंद्रीय बजट की उपलब्धियां

# सर्वस्पर्शी एवं समावेशी बजट: नरेंद्र शिवाजी पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




केंद्रीय बजट 2026 को लेकर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी बजट है जिसमे किसान,गरीब,महिला एवं युवा वर्ग पर विशेष फोकस किया गया है।

बजट में युवाओं के लिए 15 हजार स्कूलों एवं 500 कालेजों में कंटेंट क्रियेटर लैब खोले जाएंगे जिसमे जिसमे एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट,गेमिंग एवं कॉमिक्स सेक्टर के लिए 20 लाख युवाओं को तैयार किया जाएगा। महिलाओं के लिए देश के हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल बनाया जाएगा। जिसमें दूर दराज के छात्राओं को रिसर्च , कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भागीदारी करने का अवसर मिलेगा। बिजनेस उमन को प्रमोट करने के लिए शी मार्ट की स्थापना की जाएगी। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि हमारी सरकार की पहचान रही है रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत अब केवल सुधारों की चर्चा नहीं करता, बल्कि रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस रिफॉर्म एक्सप्रेस का सबसे मजबूत इंजन नारी शक्ति हैं। बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए जो रोडमैप प्रस्तुत किया गया है, वह सामाजिक न्याय से आगे बढकर आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतृत्व और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक महिलाओं की भूमिका को विस्तार देता है। श्री पटेल ने कहा कि युवाओं के लिए अवसर सृजन हमारी सरकार की प्राथमिकता है, और इसमें युवा महिलाओं की भूमिका केंद्रीय है। स्किल इंडिया, डिजिटल स्किल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी में युवाओं को प्रशिक्षित कर भारत भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार कर रहा है।हमारा मानना है कि इसे केवल बजट कहना न्यायसंगत नहीं होगा, यह बजट नहीं बल्कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला विजन पत्र है। श्री पटेल ने कहा कि कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य या बहुत कम कर दिया गया है। मिडल क्लास परिवारों को गुणवत्तापूर्ण इलाज देने के लिए जिला स्तर पर आयुष केंद्रों के लिए 10,000 करोड का फंड आवंटित किया गया है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15,000 माध्यमिक विद्यालयों व 500 महाविद्यालयों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढावा देगी। श्री पटेल ने पत्रकारो को जवाब देते हुए कहा कि एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन युवा उद्यमियों को संबल प्रदान करेगा। प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रस्ताव है, इसके लिए लगभग 10,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा।महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढाने हेतु 1.5 लाख देखभाल सेवा प्रदाताओं जिसमें लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है। इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी। श्री पटेल ने बताया कि वर्ष 2030 तक भारतीय काजू और कोको को प्रीमियम वैश्विक ब्रांड बनाने का लक्ष्य है।

## खबर संक्षेप

### 19 फरवरी को गूंजेगा स्वराज्य का जयघोष



**इटारसी।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी को इटारसी की सड़कों पर 'स्वराज्य' का संदेश गूंजेगा। न्यास कॉलोनी सतरास्ता से दोपहर 12 बजे एक भव्य स्वराज्य वाहन रैली निकाली जाएगी। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ईश्वर रेस्टोरेंट में बैठक संपन्न हुई, जिसमें राकेश जाधव को सर्वसम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में अभिषेक तिवारी, जगबीर राजवंशी, आशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और शिवाजी महाराज के गौरवशाली विचारों का संचार करना है।

### डेढ़ साल से मजदूरी अटकी हम्मालों ने लगाई गुहार

**सेमरी हरचंद।** करीब 30 हम्मालों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में सोहागपुर रोड स्थित महालक्ष्मी वेयरहाउस में समर्थन मूल्य पर मूंग तुलाई की मजदूरी अब तक नहीं मिली है। खरीद कार्य सेवा सहकारी समिति नवलगढ़ द्वारा कराया गया था, जबकि तुलाई ठेकेदार शंभू अहिरवार के माध्यम से हुई। मजदूरों को 11 जुलाई 2024 को केवल 20 हजार रुपये दिए गए, शेष लगभग एक लाख रुपये बकाया हैं। समिति प्रबंधक रघुवीर ठाकुर ने भुगतान ठेकेदार को देने की बात कही। 2 दिसंबर 2025 को एसडीएम से शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई।

### झिरिया से रैयतवाड़ी पहुंचा बाघ, ग्रामीणों में दहशत

**पिपरिया।** जनपद पंचायत समनापुर के झिरिया गांव से निकलकर बाघ ग्राम पंचायत लांझी के रैयतवाड़ी गांव पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। 10 फरवरी की रात ग्रामीणों ने सोते समय बाघ को गांव के पास देखा। गांव जंगल से सटा होने के कारण जंगली जानवर आते रहते हैं, लेकिन लंबे समय बाद बाघ दिखने से भय बढ़ गया है। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, पर बाघ नजर नहीं आया। विभाग के अनुसार यह नया बाघ है, जिसके गले में आईडी नहीं है। पगमार्क मिले हैं और निगरानी बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों को रात में सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## एनएच-46 पर एनएचएआई की लापरवाही

# खुले नाले बने मवेशियों की कब्रगाह बदबू से लोगों का जीना मुहाल

राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर विकास के नाम पर छोड़े गए खुले और अधूरे नाले अब ग्रामीणों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। एनएचएआई की लापरवाही से न सिर्फ बेजुबान पशुओं की मौत हो रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और महामारी का खतरा भी मंडरा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विकास के नाम पर बिछाए गए राष्ट्रीय राजमार्ग 46 के किनारे अब मौत का सन्नाटा और बदबू पसरी हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की घोर लापरवाही के कारण छोड़े गए अधूरे और बिना ढक्कन के नाले ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। आलम यह है कि इन गहरे गड्ढों में गिरकर बेगुनाह पशु तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में महामारी का खतरा मंडरा रहा है।

### चार दिन तक नाले में सड़ता रहा बछड़ा

हाल ही में बाजार क्षेत्र में एनएचएआई की कार्यप्रणाली का भयावह चेहरा सामने आया। रात के अंधेरे में एक गाय का बछड़ा खुले नाले में गिर गया। ढक्कन न होने के कारण किसी को उसके गिरने का पता तक नहीं चला। तीन-चार दिनों बाद जब पूरे बाजार में असहनीय दुर्गंध फैली, तब ग्रामीणों ने जांच की। नाले के अंदर बछड़े का शव पूरी तरह सड़ चुका था। ग्रामीणों ने स्लीपर बुलाकर उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन दुर्गंध इतनी तीव्र थी कि आसपास के दुकानदारों और रहवासियों का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया।

### दुकानदारी ठप बीमारियों का बड़ा खतरा

घटनास्थल व्यस्त बाजार क्षेत्र में होने के कारण आमजन का निकलना मुश्किल हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण ग्राहक दुकानों पर नहीं आ रहे हैं। वहीं, रहवासियों को डर है कि सड़ते हुए अवशेषों और खुले नालों के कारण क्षेत्र में कोई गंभीर बीमारी न फैल जाए।

### ग्रामीणों का तीखा सवाल, यह कैसा विकास है?

एनएचएआई-46 के निर्माण में बरती गई अनियमितताओं पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने सीधे एनएचएआई पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई जगह नालों को बनाकर आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखकर नालों को खुला छोड़ दिया गया है, जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए मौत का जाल हैं। बार-बार की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।

### समय रहते सुधारें, वरना होगा बड़ा आंदोलन

ग्रामीणों ने प्रशासन और एनएचएआई से स्पष्ट मांग की है कि सभी अधूरे नालों का निर्माण तत्काल पूरा किया जाए और उन पर मजबूत ढक्कन लगाए जाएं। साथ ही, मृत पशुओं के कारण फैली गंदगी की सफाई कराई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन मौत के गड्ढों को नहीं भरा गया, तो वे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे।

# आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। बुधवार को जपं के सभाकक्ष में एसडीएम प्रियंका भल्लावी की उपस्थिति में आवेदनों की स्क्रूटनी शुरू की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग सहित स्क्रूटनी समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार परियोजना अंतर्गत आठ पदों पर नियुक्ति होना है। जिनमें पांच पद सहायिकाओं के व तीन पद कार्यकर्ताओं के हैं। जानकारी अनुसार सहायिकाओं के पद बिछुआ, रेंगाखेड़ा, काजरी, ढाबा तथा रातामाटी में रिक्त हैं। वहीं कार्यकर्ताओं के पद शहर के अंबेडकर वार्ड आंगनवाड़ी केंद्र सहित ग्राम सिटिया गोहना व किशनपुर में रिक्त हैं। इन सभी रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी सोहागपुर जपं कार्यालय के सभा कक्ष में की जा रही है। प्रक्रिया में समय लगने की जानकारी नियुक्ति समिति अधिकारियों ने दी है। इस दौरान नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, एसडीएम प्रियंका भल्लावी, महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा, नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### प्राप्त हुए 97 आवेदन

जानकारी अनुसार आठ रिक्त पदों के लिए कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बताया जाता है कि शहर के अंबेडकर वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ता पद के लिए 39, सिटियागोहना केंद्र में कार्यकर्ता के लिए 18 तथा किशनपुर केंद्र में कार्यकर्ता पद के लिए 26 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं सहायिका पदों के लिए बिछुआ आंगनबाड़ी केंद्र के लिए पांच, रेंगाखेड़ा केंद्र के लिए चार, ढाबा केंद्र के लिए तीन तथा काजरी एवं रातामाटी केंद्रों के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# भाजपाइयों ने पुण्यतिथि पर किया पं. दीनदयाल उपाध्याय को याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा के पितृ पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' रूप में मनाई गई। इस दौरान सोहागपुर भाजपा मंडल के 55 बूथों पर कार्यक्रम किये गए।

भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह के शहर स्थित कार्यालय में मुख्य कार्यक्रम किया गया। जिसमें भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय का स्मरण किया गया। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में सभी 55 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने पं. उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने पं. उपाध्याय द्वारा बताए मार्ग अपनाने का संकल्प लिया। मुख्य कार्यक्रम में नप अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, अभिनव पालीवाल, आशीष विश्वकर्मा, ऋषभ गढ़वाल, राकेश चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# पौधरोपण और धार्मिक आयोजन के साथ मनाई वैवाहिक वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने अपने वैवाहिक जीवन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर एक अनोखी और सार्थक वैवाहिक वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर उन्होंने एक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें आंवले का पौधा रोपित कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही, धार्मिक आस्था से जुड़ी गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें मां सरस्वती और नर्मदा का पूजन किया गया। भगवान शिव की कृपा प्राप्ति के लिए सरल उपाय भी किए गए। कुसुम लता ने वृद्ध आश्रम में पहुंचकर वहां के लोगों को फल वितरित किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही शुभकामनाओं और बधाई देने वालों की कतार लगी रही, जिससे उनके वैवाहिक जीवन की सफलता और सुखमय संबंधों को लेकर लोगों में गहरी श्रद्धा और सम्मान का अहसास हुआ।वैवाहिक जीवन की इस महत्वपूर्ण मील का पत्थर को मनाने के साथ ही कुसुम लता ने जनपद पंचायत में भी अपनी सक्रियता का परिचय दिया। उपाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने पंचायत के कुशल संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उनके समर्थक और शुभचिंतक भी इस अवसर पर खुशियों का इज़हार करते हुए फटाके फोड़ते हुए मीठा वितरण किया।

## रेलवे की समस्याओं बावत लिया मार्गदर्शन

# नागरिक संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल ने जगद गुरु शंकराचार्य से भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नागरिक संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार सुबह जगद गुरु शंकराचार्य से भेंट की। सदस्यों ने जगद्गुरु को सोहागपुर की रेलवे समस्याओं से अवगत कराया। तथा समस्या निराकरण बाबत मार्गदर्शन लिया।

समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व में श्रीधाम एक्सप्रेस स्टॉपेज में सहयोग पर शंकराचार्य का आभार व्यक्त किया। उसके उपरांत उनको सोहागपुर रेलवे स्टेशन से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। महाराज जी ने कहा कि हम उनसे बात कर सकते हैं, जो हमारी बात सुनते व मानते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने गोटेगांव में ट्रेन स्टॉपेज के लिए संघर्ष किया, ज्ञापन दिए व आंदोलन किया। इसी तरह सोहागपुर वासी भी रूपरेखा तयकर सांसद से बात करें, डीआरएम व रेल मंत्रालय तक ज्ञापन द्वारा मांग पहुंचाएं। यदि मांग पूरी ना हो तो आंदोलन करने में पीछे नहीं होना चाहिए। गुरुदेव ने कहा कि सांसद मिलेंगे तो उन्हें सोहागपुर की मांग से अवगत कराएंगे। चर्चा दौरान समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, बालपुरी गोस्वामी, कृष्णा पालीवाल, आलोक जायसवाल, अनुज जायसवाल, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, अभिषेक जैन, संजय तिवारी, गजेंद्र सिंह चौधरी, नरेंद्र शर्मा, शरद चौरसिया, रितेंद्र सिंह राजपूत, अखिलेश मालवीय, सत्यम रघुवंशी, नीरज रघुवंशी उपस्थित रहे।

# डाक जीवन बीमा में उत्कृष्ट कार्य के लिए मनमोहन पगारे सम्मानित

## मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने नर्मदापुरम में आयोजित कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभिकर्ताओं के लिए नर्मदापुरम के हैप्पी मैरिज गार्डन में एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस अवसर पर भारतीय डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के लिए इटारसी के अभिकर्ता मनमोहन पगारे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत कुमार माथुर उपस्थित थे। उन्होंने मनमोहन पगारे की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सम्मान समारोह के दौरान डिविजनल मैनेजर एसके पांडेय और नर्मदापुरम संभाग के प्रवर अधीक्षक डाकघर सागर नीलेश शाह भी विशेष रूप से मंचासीन रहे। अधिकारियों ने कहा कि डाक विभाग की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और बीमा क्षेत्र में ग्राहकों का विश्वास जीतने में अभिकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। सम्मान प्राप्त करने पर मनमोहन पगारे को शुभचिंतकों और मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

# खुले नाले बने परेशानी : न्यास कॉलोनी में बाइक सवार गंभीर घायल, नपा की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नपा प्रशासन की संवेदनहीनता और लापरवाही अब शहरवासियों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। बुधवार, 11 फरवरी की सुबह शहर की न्यास कॉलोनी में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक बाइक सवार युवक खुले नाले की भेंट चढ़ गया। यह घटना प्रशासन के उन दावों की पोल खोलती है जहाँ सुरक्षा और विकास की बातें की जाती हैं, जबकि हकीकत में राहगीर अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हैं।

### बाल-बाल बची जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह लगभग 8:57 बजे न्यास कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय गोपाल सोनी बाइक से जा रहे थे, तभी संतुलन बिगड़ने से वे खुले नाले में गिर गए। इस हादसे में उनके चेहरे पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते 6 टांके लगाने पड़े। उनके हाथ में भी फ्रैक्चर हो गया। गोपाल सोनी को तत्काल सरकारी अस्पताल लाया गया। ड्यूटी डॉक्टर विकास जैतपुरिया ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इटारसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सड़क किनारे स्थित गहरे और खुले नाले का अंदाजा न होने के कारण युवक अनियंत्रित होकर सीधे नाले में जा गिरा।

**स्थानीय लोगों ने दिखाया साहस :** हादसा इतना भीषण था कि युवक नाले में बुरी तरह फंस गया था। मौके पर मौजूद नागरिकों ने तत्काल दौड़कर कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला।

**गंभीर चोटें :** युवक के सिर, हाथ और पैरों में गहरी चोटें आई हैं। उसे तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसका उपचार जारी है।

**कुंभकर्णी नींद में जिम्मेदार:** न्यास कॉलोनी के रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि यह नाला लंबे समय से खुला पड़ा है और इसके लिए नगर पालिका प्रशासन को दर्जनों बार आवेदन दिए गए, लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

**अंधेरा और खतरा :** रात के समय इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण यह खुला नाला मौत का जाल बन जाता है।

**अधिकारियों की चुप्पी :** शिकायतों के बाद भी किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके का मुआयना करना या स्लैब डलवाना जरूरी नहीं समझा।

## बैठक के दौरान मंत्री सिलावट ने मामले को गंभीरता से सुना

# बारिश से पहले शुरू होगा देवरी सिंचाई परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग अब रंग लाती नजर आ रही है। सिवनी-मालवा विधानसभा के केसला विकासखंड के अंतर्गत स्वीकृत देवरी/दौड़ी-झुनकर सिंचाई परियोजना का कार्य आगामी मानसून से पहले शुरू हो जाएगा। यह आश्वासन मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल स्थित वल्लभ भवन में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान दिया।

### दो साल का इंतजार होगा खत्म

तवा डैम आधारित यह महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना लगभग दो वर्ष पूर्व स्वीकृत हो चुकी थी, लेकिन तकनीकी कारणों और प्रक्रियात्मक देरी की वजह से अब तक धरातल पर कार्य शुरू नहीं हो सका था। इसके चलते केसला क्षेत्र के सैकड़ों किसान सिंचाई के लाभ से वंचित थे। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि परियोजना में हो रही देरी से कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

### वल्लभ भवन में हुई महत्वपूर्ण चर्चा

बैठक के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने मामले को गंभीरता से सुनकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है और बारिश शुरू होने से पहले ही निर्माण कार्य हर हाल में प्रारंभ कर दिया जाएगा।



### प्रतिनिधिमंडल की सक्रियता रंग लाई

क्षेत्र के विकास और कृषि उन्नति के लिए जुटे इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रेमशंकर वर्मा, विधायक, सिवनी-मालवा, गंगाराम कलमे, अध्यक्ष, जनपद पंचायत केसला,सीमा कास्दे, जिला पंचायत सदस्य, सुशील बरकड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष, जगदीश बावरिया, मंडल महामंत्री, अजय साहू एवं डॉ. रामकिशोर यादव शामिल रहे।

### विकास की नई उम्मीद जगी

इस आश्वासन के बाद केसला क्षेत्र के किसानों में हर्ष की लहर है। इस परियोजना के शुरू होने से न केवल रबी और खरीफ की फसलों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और कृषि उन्नति को एक नई गति मिलेगी।

### किसान हित में बड़ी जीत

केसला के किसानों का इंतजार खत्म होने को है। मंत्री तुलसीराम सिलावट ने देवरी सिंचाई परियोजना को बारिश से पहले शुरू करने का भरोसा दिया है। विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं वरिष्ठ नेतृत्व के प्रयासों से अब केसला के खेत लहलहाएंगे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**
**इश्तहार**
**रा.प्र.क्र. 0049 अ-20 (3) वर्ष 2025-26**
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक हिमांशु अग्रवाल आ.स्व. श्री दिनेशचन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 29, तीसरी लाईन इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं 6/48 रकबा 2475 व.फु. जो नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता दिनेशचन्द्र अग्रवाल के नाम दर्ज चला आ रहा है। दिनेशचन्द्र अग्रवाल का निधन दिनॉक 18.03.2024 को हो चुका है उन्होने उक्त संपत्ति का वसीयतनामा दिनांक 17/10/2023 को विधि अनुसार आवेदक हिमांशु अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड पर अपना नाम वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख मे दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 17/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।
**नजूल अधिकारी, इटारसी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**
**इश्तहार**
**रा.प्र.क्र. 0050 अ-20 (3) वर्ष 2025-26**
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक दीपांशु अग्रवाल आ.स्व. श्री दिनेशचन्द्र अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 29, तीसरी लाईन इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं 6/49 रकबा 9040 व.फु. जो नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता दिनेशचन्द्र अग्रवाल सहित महेशचन्द्र, सुरेशचन्द्र एवं रमेशचन्द्र के नाम दर्ज चला आ रहा है। दर्ज पटटाधारी दिनेशचन्द्र अग्रवाल का निधन दिनाँक 18.03.2024 को हो चुका है उन्होने उक्त वर्णित संपत्ति में से अपने हिस्से के अंश भाग का वसीयतनामा दिनांक 17/10/2023 को विधि अनुसार आवेदक सहित हिमांशु अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड पर वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 17/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।
**नजूल अधिकारी, इटारसी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी नर्मदापुरम**
**जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**
**पृष्ठांकन पत्र क्रमांक 09/प्र.न.अ/2026**
**नर्मदापुरम दिनांक 29.01.2026**
**रा.प्र.क्र/0162/1-6/2025-26**
**सूचना का प्रकाशन**
प्रशांत एम हर्णे आ. श्री मधुकर हर्णे निवासी 63 स्क्वेयर जाटखेडी होशंगाबाद रोड भोपाल तह व जिला भोपाल..................... आवेदक
बनाम
श्रीमति सरोज अग्रवाल पत्नि स्व. श्री अवध बिहारी अग्रवाल व अन्य निवासी सदर बाजार नर्मदापुरम तह व जिला नर्मदापुरम ...............अनावेदकगण
इस सूचना पत्र के प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत एम हर्णे आ. श्री मधुकर हर्णे निवासी 63 स्क्वेयर जाटखेडी होशंगाबाद रोड भोपाल तह व जिला भोपाल बनाम श्रीमति सरोज अग्रवाल पत्नि स्व. श्री अवध बिहारी अग्रवाल व अन्य निवासी सदर बाजार नर्मदापुरम तह व जिला नर्मदापुरम के द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 कि धारा 109-110 म.प्र. भू-राजस्व संहिता वास्ते नजूल शीट न. 46 प्लाट न. 2/1 में से रकबा 1000 वर्गफट भूमि का आवेदक ने विक्रय पत्र एवं फौती के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। अतः आवेदक द्वारा विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण कराये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण दिनांक 16/02/2026 को इस न्यायालय के समक्ष सुनवाई हेतु नियत की गई है।
अतः आवेदक पक्ष के उपरोक्त दर्शित आवेदन पत्र पर अन्य व्यक्ति/व्यक्तियो को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति आगामी पेशी दिनांक 16/02/2026 को स्वयं अथवा अपने वैध अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली सभी आपत्ति अमान्य की जावेगी।
उक्त समाचार प्रकाशन हेतु आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी नर्मदापुरम्**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी**
**इश्तहार**
**रा.प्र.क्र. 0051 अ-20 (3) वर्ष 2025-26**
आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक दीपांशु अग्रवाल आ.स्व. श्री दिनेशचन्द्र अग्रवाल एवं अन्य-1 निवासी वार्ड नं. 29, तीसरी लाईन इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं. 09 प्लाट नं 6/46 रकबा 9162 व0फु० जो नजूल अभिलेख में आवेदक के पिता दिनेशचन्द्र अग्रवाल सहित महेशचन्द्र, सुरेशचन्द्र एवं रमेशचन्द्र के नाम दर्ज चला आ रहा है। दर्ज पटटाधारी दिनेशचन्द्र अग्रवाल का निधन दिनाँक 18.03.2024 को हो चुका है उन्होंने उक्त वर्णित संपत्ति में से अपने हिस्से के अंश भाग का वसीयतनामा दिनांक 17/10/2023 को विधि अनुसार आवेदकगणों के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः आवेदकगणों द्वारा उक्त भूखण्ड पर वसीयतनामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 17/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपति पेशन होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा। नोटः- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।
**नजूल अधिकारी, इटारसी**

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में प्रविष्टि सुधार दावा 14 तक करें

**हरदा।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के दौरान अनमेप्ड मतदाताओं एवं लॉजिकल डिसक्रिपेंसी में दर्ज मतदाताओं की मतदान केन्द्रवार सूची का प्रकाशन आम मतदाताओं के अवलोकन हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र, ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 134-टिमरनी तथा 135-हरदा के कार्यालय में चस्पा कर किया गया है। उप जिला अधिकारी सतीश राय ने बताया कि इस केटेगरी में आये मतदाताओं को सुनवाई का अवसर देते हुए मेप्ड किये जाने की कार्यवाही एवं लॉजिकल डिसक्रिपेंसी से हटाये जाने की कार्यवाही संबंधित ईआरओ व एईआरओ द्वारा सतत रूप से की जा रही है। इन सूचियों में दर्ज मतदाता को मतदाता सूची में अपनी प्रविष्टि सुधारने हेतु 10 दिवस के भीतर अपना दावा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को अंतिम तिथि 14 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकता है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**हरदा।** जिले में लंबित प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हेतु 14 मार्च, 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, हरदा तथा तहसील न्यायालय, टिमरनी और खिरकिया में किया जावेगा। इस संबंध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत बिल, जलकर, सम्पत्तिकर बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्ति लाभों से संबंधित है, राजस्व तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। उन्होंने आमजन से नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छूट का लाभ प्राप्त कर राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने की अपील की।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की सुनवाई आज

**हरदा।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की सुनवाई 12 नवम्बर को सिराली में आयोजित की जाएगी। उप महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक वितरण केन्द्र सिराली में किया जायेगा। फोरम में वितरण केन्द्र सिराली के सभी विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के आवेदन दोपहर 3 बजे तक प्राप्त कर निराकरण किया जायेगा।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के हंडिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नयापुरा, उंढाल, साल्याखेड़ी, जोगा, हेमापुर व अजनास खुर्द में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 25 पाव देशी शराब, 46 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 940 किलोग्राम महुआ लहान जब्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये।

### कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुनी

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जिलेभर से आए 50 आवेदकों ने आवेदन दिए थे।

## कलेक्टर ने यात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया


# नर्मदा पंचकोशी यात्रा मार्ग पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



नर्मदा तट पर 13 फरवरी से प्रारम्भ हो रही नर्मदा पंचकोशी यात्रा के मार्ग का कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने नर्मदा पंचकोशी यात्रा को सुगमता पूर्ण सम्पन्न कराने के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिये। कलेक्टर ने यात्रा के विश्राम स्थलों पर श्रद्धालुओं के विश्राम एवं प्रसाधन की समुचित सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। साथ कहा कि यात्रा का मार्ग सुगम रहे अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें। उन्होने इस दौरान डिसट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड को गोताखोर, मोटरबोट एवं लाइफ सुरक्षा रिंग सहित बचाव व राहत सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा के दौरान चिकित्सा दल भी मौजूद रहे। सुरक्षा के लिये पुलिस व कोटवारों की ड्यूटी भी लगाई जाए।

इस दौरान तहसीलदार हंडिया वीरेन्द्र उइके ने बताया कि कल शुक्रवार 13 फरवरी को यह यात्रा नेमावर के सिद्धनाथ महादेव मंदिर से प्रारम्भ होगी, जोकि ग्राम गुराड़यिा, भीलट बाबा दुलवा, जामनेर, मुरझाल, अकावलिया, पिपल्या घाघरिया होते हुए करोद माफी करूणाधाम आश्रम एवं बीजलगांव में विश्राम करेगी। यह यात्रा 14 फरवरी को छीपानेर में श्री दादाजी धुनिवाले आश्रम में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा 15 फरवरी को चिचोट कुटी, छोटी छिपानेर, तजपुरा होते हुए करताना में रात्रि विश्राम करेगी तथा 16 फरवरी को रूंदलाय, गुल्लास होते हुए नांदरा में रात्रि विश्राम करेगी। यात्रा 17 फरवरी को आदमपुर, झुगरिया, भमोरी होते हुए हंडिया में सम्पन्न होगी।




### कलेक्टर को नांदरा के प्राथमिक स्कूल में नदारद मिले शिक्षक



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के बुधवार को जिले की हंडिया तहसील के भ्रमण के दौरान प्राथमिक स्कूल नांदरा में पदस्थ दोनों शिक्षक स्कूल से अनुपस्थित मिले। श्री जैन ने दूरभाष पर ही जिला शिक्षा अधिकारी को दोनों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस देने एवं गंभीर रूप से लापरवाह शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिये। वहीं ग्राम आलनपुर में आंगनवाड़ी केन्द्र बंद मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का वेतन काटने एवं सीडीपीओ व सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस देने के कलेक्टर द्वारा निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर ने नांदरा की आंगनवाड़ी व आलनपुर की प्राथमिक शाला का निरीक्षण भी किया। आलनपुर में मध्यान्ह भोजन पकाने की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होने भोजन की उत्तम गुणवत्ता रखने के शिक्षक एवं रसोइया को निर्देश दिये। एसडीएम अशोक डेहरिया भी इस दौरान मौजूद थे।

- आलनपुर में आंगनबाड़ी बंद, कार्रवाई के निर्देश दिए

## टीम गठित कर तलाश की थी

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया




हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

फरियादी मंगल पिता नन्हे यादव निवासी ग्राम मोगराढाना की रिपोर्ट किया कि अपने मामा के लड़के हरि यादव से 2 वर्ष पहले ट्रॉली खरीदी थी। 31 जनवरी को सुबह 08 बजे करीब ट्रैक्टर की ट्रॉली को मेरे मामा केवलराम के घर के सामने रोड के किनारे मोगराढाना मे खडी कर दी थी। 2 फरवरी को सुबह 06 बजे करीब मेरा लडका धनराज ट्रॉली लेने गया तो ट्रैक्टर की ट्रॉली नही दिखी। आवेदन पर पुलिस ने अपराध क्रं. 56/2026 धारा 303 (2) बीएनएस का पंजीबध्द कर अज्ञात आरोपी की तलाश पतारसी की गई। पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी की तलाश पतारसी के दौराने मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमलाड़ा कला थाना शिवपुर मे एक ट्राली नया कलर पुती खड़ी है। जिसे खरीदेने के लिये कुछ लोग आये थे जो थाना रहटगांव क्षेत्र के ग्राम मोगराढाना से चोरी गई ट्राली जैसी लग रही है। मुखबिर की सूचना तस्दीक फरियादी मगल यादव से कराई गई। जो पहचान करने के बाद आरोपी के कब्जे से ट्राली को जप्त किया गया। विवेचना के दौरान संदेही आदर्श उइके से पूछताछ किया गया जिसने अपने साथीयो के साथ मिलकर ग्राम मोगराढाना से ट्राली को चोरी करना बताया और घर ग्राम अमलाड़ा लाकर ट्राली की पहचान मिटाने के लिये आसमानी नीले रंग का पेंट करना बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपी आदर्श उइके, लोकेश पाल, नेपाल कोरकू को गिरफ्तार कर लिया है।

# टेमागांव उंद्राकच्छ भादूगांव में कृषि रथ पहुंचा किसानों को फसल की तैयारी की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव।

कृषि विभाग में शासन द्वारा गांव गांव कृषि रथ के द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। टेमागांव उन्द्राकच्छ भादूगांव कृषि रथ का संचालन किया गया। रथ संचालन के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र हरदा से कृषि वैज्ञानिक डॉ ओ पी भारती कृषि विभाग हरदा सहायक संचालक कृषि आर के मंडलोई कृषि विभाग टिमरनी कृषि विस्तार अधिकारी अजय परते सरपंच प्रतिनिधि गणेश पटेल एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के कृषकगण उपस्थित रहे। इस दौरान वैज्ञानिक द्वारा वर्तमान में रबी फसलों के कीट बीमारियों की विभिन्न अवस्थाओं की पहचान लक्षण निदान के लिए समन्वित कीट प्रबंधन की विधि एवं आगामी फ़सल की तैयारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। तथा सहायक संचालक द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे जैविक खेती, नरवाई प्रबंधन मृदा स्वास्थ्य कृषि यंत्र एवं बायोगैस आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। कपासी डोलरिया एवं नांदवा में कृषि रथ का संचालन किया गया आज गुरुवार को रथ का संचालन सिरकंबा, सोडलपुर से होते हुए आलमपुर में समापन किया जाएगा।

## कृषि रथ के माध्यम से किसानों को किया जागरुक

# कृषकों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय व जैविक कृषि करने के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। म.प्र. शासन एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन में विकासखंड हरदा की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कृषि रथ का संचालन किया गया। कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा कृषकों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलो को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहित, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरकों की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने तथा विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही किसानों को समसामयिक सलाह भी प्रदान की गई।




बुधवार को हरदा विकासखंड की ग्राम पंचायत पिडगाँव, अबगाँवखुर्द, डगावानीमा में कृषि रथ का संचालन तथा ग्राम पंचायत डगावानीमा में कृषि रथ का समापन किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती जयश्री राजपूत, कृषि वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया, अनुविभागीय कृषि अधिकारी रचना पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अतुल यादव, कृषि विकास अधिकारी गणेश रजने, ललित पटेल एवं किसान उपस्थित थे।

## जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी

# स्वगणना पोर्टल पर घर बैठकर अपनी गणना दर्ज कर सकेंगे मोबाइल एप्लिकेशन व वेब पोर्टल से आंकड़ों का संकलन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

वर्ष 2027 की जनगणना डिजिटल टूल्स के माध्यम से की जाएगी। यह जनगणना देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी। आमजन अपनी गणना घर बैठ कर ही स्वगणना पोर्टल के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे। जनगणना में मोबाइल एप्लिकेशन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जाएगा तथा सम्पूर्ण कार्य की निगरानी संेसेस मेनेजमेन्ट एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। जनगणना के दौरान नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। किसी भी प्रगणक या अधिकारी द्वारा ओटीपी या बैंक विवरण की मांग नहीं की जाएगी।



कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना की जिला प्रभारी आयुषी भावसार ने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें मकानों की गणना व सूचीकरण का कार्य होगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होने बताया कि जनसंख्या की गणना के लिये स्वगणना पोर्टल पर 33 बिन्दूओं की जानकारी दर्ज कराई जाना होगी। बैठक में कलेक्टर ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को सुनियोजित तरीके से पूर्व तैयारियां करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, प्रभारी जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी रजनी वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के सामने तोड़ दिया स्मार्ट मीटर, चालू लाइन खींचकर फेंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में बिजली चोरी पकड़ने गई विद्युत वितरण कंपनी की टीम के सामने ही उपभोक्ता ने चालू लाइन में स्मार्ट मीटर तोड़ दिया। नाराज उपभोक्ता ने सर्विस लाइन भी खींचकर फेंक दी और अधिकारियों से अभद्रता की। कंपनी के अधिकारियों ने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण कंपनी शहर में लगातार स्मार्ट मीटर लगा रही है। इन मीटरों से छेड़छाड़ और बिजली चोरी की सटीक जानकारी कंपनी को मिल रही है। इसी आधार पर जोन-1 के एई अतुलेश सिंह अपनी टीम के साथ मंगलवार को कस्बा क्षेत्र स्थित जमशेद नगर पहुंचे थे।



### गुस्साए उपभोक्ता ने उखाड़कर फेंका मीटर

टीम ने जाहिर नामक व्यक्ति के घर बिजली चोरी पकड़ी। चोरी पकड़े जाने पर वहां मौजूद जुनैद नामक व्यक्ति भड़क गया। उसने स्मार्ट मीटर में तोड़फोड़ कर उसे और सर्विस लाइन को उखाड़कर फेंक दिया। उसने अधिकारियों से कहा कि मीटर अभी उखाड़कर ले जाओ। अधिकारियों ने समझाया कि आवेदन देने पर ही नियमानुसार मीटर हटाया जाएगा, लेकिन उपभोक्ता नहीं माना। इस घटना के बाद एई अतुलेश सिंह ने कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी है।

# सोमलवाड़ा रेत खदान पर खनिज विभाग का छापा नदी के बीच चल रही पोकलेन व जेसीबी बरामद






### थाने में खड़े कराए जब्त वाहन

**सीहोर।** नर्मदा तटीय क्षेत्रों में प्रतिबंधित मशीनों से रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। बुधनी तहसील के सोमलवाड़ा रेत खदान पर माइनिंग टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से काम कर रही एक पोकलेन और एक जेसीबी मशीन को रंगे हाथों पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों को शाहगंज थाने में खड़ा कराया गया है। बता दें माइनिंग इंस्पेक्टर खुशबू वर्मा के नेतृत्व में खनिज विभाग के अमले ने दोपहर करीब 12 बजे सोमलवाड़ा खदान पर औचक निरीक्षण किया।

टीम को सूचना मिली थी कि नदी के बीचों-बीच भारी मशीनों का उपयोग कर रेत निकाली जा रही है। टीम के पहुंचते ही वहां हडक़ंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों मशीनों को अपने कब्जे में ले लिया।

**ग्रामीणों में नाराजगी, सडक़ों का हो रहा नुकसान :** सोमलवाड़ा और आसपास के ग्रामीणों ने लंबे समय से अवैध उत्खनन का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी डंपरों के दिन-रात चलने से गांव की सडक़ें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। उड़ती धूल के कारण लोगों को सांस और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं।

# जमोनिया तालाब पर बचाव कार्य के लिए पहुंची रेस्क्यू टीमें, पानी में डूबते लोगों की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज दोपहर लगभग 01 बजे जमोनिया तालाब के पास मौजूद लोगों में उस समय हड़कंप मच गया, जब तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार व्यक्ति पानी में हाथ-पैर मारते हुए मदद के लिए पुकार रहा था। वहीं तालाब के दूसरे छोर पर बने एक छोटे टापू पर कुछ लोगों के फंसे होने की खबर से स्थिति और गंभीर हो गई। इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही कलेक्टर बालागुरू के., जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ, एनडीआरएफ एवं होमगार्ड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुईं।



कुछ ही देर में मोटर बोट, रेस्क्यू उपकरण और गोताखोरों के साथ बचाव दल तालाब में उतर गया। डीप डाइविंग तकनीक का उपयोग करते हुए पानी में डूबे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं टापू पर फंसे लोगों तक मोटर बोट के माध्यम से पहुंचकर उन्हें लाइफ जैकेट पहनाई गई और सुरक्षित किनारे तक लाया गया। पूरे घटनास्थल पर बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित होता रहा, जिसे देख मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।